सादर प्रकाशनार्थ

## महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारम्भ

कोरबा 24.02.2017—प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में विशाल शिव संदेश यात्रा तथा शिव बारात का आयोजन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ कोरबा शहर में निकाली गई। रैली का शुभारम्भ सप्तदेव मंदिर में भ्राता अशोक मोदी द्वारा शिव प्रतिमा पर अभिषेक एवं पूजा अर्चना कर किया गया। दिनांक 24 से 26 फरवरी 2017 तक राम जानकी मंदिर बुधवारी बाजार में, त्रि—दिवसीय 12 ज्योर्तिलिंगम् शिव दर्शन आध्यात्मिक झॉकी का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन किया गया। झांकी का दर्शन भ्राता लखनलाल देवांगन संसदीय सचिव छ.ग. शासन, बहन रेणु अग्रवाल महापौर नगर पालिक निगम कोरबा, भ्राता दीपक प्रसाद हेड एल्यूमिनियम प्रोडक्शन बाल्को भ्राता एस.डी. सिंह पूर्व साडा अध्यक्ष कोरबा, अशोक मोदी सदस्य राष्ट्रोय व्यापार प्रकोष्ठ, अमरनाथ अग्रवाल अध्यक्ष माटी मंच एवं पार्षद, बहन इन्दु शर्मा अध्यक्षा गौमुखी सेवाधाम, बहन डॉ.गुलशन बहन मंगल बुधिया के साथ अनेकानेक वरिष्ठ एवं गणमान्य व्यक्तियों ने किया। ब्रह्माकुमारी रूकमणी बहन ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इंसान पुण्यात्मा, देवात्मा व महान आत्मा बन सकता है, लेकिन परमात्मा नहीं, परमात्मा तो एक और सिर्फ एक ही सर्वोच्च सत्ता है, जो कि सदा शिव के नाम से परिचित हैं। भोलेनाथ भोले बाबा के नाम से भी उनको जानते हैं। असम्भव को सम्भव व बिगड़ी को बनाने वाला, भक्तों का रखवाला धर्म ग्लानि के वक्त इस धरा पर आते हैं और सच्चा बच्चों से मिलन मनाते हैं। शिव का अवतरण अज्ञान अंधेरे में कलिकाल के अंत में होता है, इसलिये शिवरात्रि का विशेष महत्व है। भ्राता लखनलाल देवांगन ने कहा कि इस तरह के आयोजन से नगर में विशेष आध्यात्मिक वातावरण बनाने में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। बहन रेणु अग्रवाल ने सभी नगर वासियों को शिवरात्रि महोत्सव की शुभकामनायें दी। भ्राता दीपक प्रसाद ने कहा कि मैं भी बचपन से शिव भक्ति करता आया हूँ और उनके मंत्र का जाप भी करता हूँ। मुझ पर उनकी दुआ बरसती है यह मेरा अनुभव है। कायकम में जगदम्बा समूह मंच कटघोरा, शंकर टीकाराम, कु. दिव्यांसी, कु. शुभांगी, कु. नेहा ने गीत और नृत्य की प्रस्तुति से सर्व को भाव विभोर कर दिया।

राजयोग केन्द्र जमनीपाली में आयोजित कार्यकम में भ्राता बी.के.यमुना कमाण्डेन्ट सी.आई.एस.एफ एन.टी.पी.सी जमनोपाली, डॉ. डी.के.जैन, भ्राता सुखनंदन राठौर सी.एस.पी. दर्री, बहन साधना सिंह टी.आई पुलिस थाना दर्री तथा कु. दीक्षा, कु. रंजू ने गीत और नृत्य की प्रस्तुति की। राजयोग केन्द्र गेवरा—दीपका में आयोजित कार्यकम में एस.एल.राठौर प्रचार्य स. शिशु मंदिर गेवरा, लक्षमण चन्द्रा वरि. ओव्हर मेन एस.ई.सी.एल. गेवरा, बी.के प्रकाश, भ्राता जगदीश सोनी अध्यक्ष व्यापारी एसोसिएसन एस.एस.प्लाजा, ने विचार व्यक्त किये तथा कु. नेहा एवं कु. सोर्या ने गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की।

पाप कटेश्वर, मुक्ति, जीवन मुक्तिदाता एक परमपिता परमात्मा शिव ही हैं। शिव कल्याणकारी तथा आशुतोष अर्थात् जल्दी प्रसन्न होने वाले हैं। शिव रात्रि पर लोग जागरण कर शिव की पूजा अर्चना करते हैं। शिवरात्रि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की अंतिम रात्रि अमावस्या से एक दिन पहले मनाई जाती है।

मानवता की सेवा में बी.के.रूकमणी